केन्द्रीय विद्यालय न्यू टिहरी टाउन, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड – 249001
Kendriya Vidyalaya New Tehri Town, Tehri Garhwal, Uttarakhand - 249001
दूरभाष : कार्यालय - (01376) - 232148, प्राचार्य – (01376) - 297941
इमेल : kvntt2018@gmail.com, वेबसाइट : newtehritown.kvs.ac.in
CBSE affiliation Code: 3500022 / CBSE School Code: 84036, KV Code: 1386

पत्रांक: F.13860331/प्रवेश /के.वि.न्यू.टि.टा./2023-24/ दिनांक:31/03/2024

प्रवेश पंजीकरण सूचना 2024-2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की कक्षा 1 एवं कक्षा 6 में प्रवेश हेतु पंजीकरण दिनांक 01-04-2024 से प्रारंभ हो रहे हैं । कक्षा 1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 01-04-2024(सोमवार) प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा एवं दिनांक 15-04-2024 (सोमवार) शाम 5:00 बजे बंद हो जाएगा। कक्षा 1 में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 6 वर्ष है। प्रवेश विवरण वेबसाईट https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/ पर उपलब्ध है। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑफलाइन पंजीकरण दिनांक 01-04-2024(सोमवार) प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ होगा एवं दिनांक 10-04-2024 (बुधवार) शाम 4:00 बजे बंद हो जाएगा जिस हेतु पंजीकरण प्रपत्र एवं प्रवेश संबंधी सम्पूर्ण जानकारी विद्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 10 वर्ष है। प्रवेश विवरण वेबसाईट https://newtehritown.kvs.ac.in पर भी उपलब्ध है I सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु आयु की गणना दिनांक 31-03-2024 तक होगी। प्रवेश हेतु सीटों का आरक्षण केन्द्रीय विद्यालय संगठन की एडमिशन गाइडलाइन्स 2024-25 के अनुसार होगा जिसका विवरण केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाईट https://kvsagathan.nic.in/ पर उपलब्ध है। कक्षा 1 में प्रवेश हेतु पंजीकरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया केवल ऑनलाइन माध्यम (ऊपर दिए गए लिंक से) से पूर्ण होगी एवं कक्षा 6 में प्रवेश हेतु पंजीकरण के लिए पंजीकरण प्रपत्र के साथ सभी सम्बंधित दस्तावेज उपरोक्त तिथियों में (सभी कार्यदिवसों पर) विद्यालय में आकर जमा करें। विद्यालय द्वारा पंजीकरण प्रपत्रों की जांच के समय यदि पंजीकरण प्रपत्र में कोई गलत या भ्रामक जानकारी पाई जाती है तो सम्बंधित अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विद्यालय में बुलाए जाने पर दिए गए टाइम स्लॉट पर ही विद्यालय प्राचार्य / प्रवेश प्रभारी से संपर्क करें। पंजीकरण मात्र प्रवेश की गारंटी नहीं है I सभी प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन की एडमिशन गाइडलाइन्स 2024-25 के अनुसार ही होंगे I

प्राचार्य